# पी.एम. किसान सम्मान निधि कार्यक्रम
## दिनांकः 24 फरवरी, 2025
## स्थान– वन परिसर, रायसेन (म.प्र.)




पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम, रायसेन मध्यप्रदेश में उपस्थित अतिथि गण।



पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम, रायसेन में केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता डॉ. वीरेन्द्र कुमार खटीक द्वारा उद्बोधन।




पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का भागलपुर, बिहार से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण।



पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम, रायसेन मध्यप्रदेश को देखते हुए अतिथि, जनप्रतिनिधि एवं कृषक गण।




केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता डॉ. वीरेन्द्र कुमार खटीक द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, रायसेन की प्रदर्शनी का अवलोकन एवं चर्चा।



केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता डॉ. वीरेन्द्र कुमार खटीक द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, रायसेन की प्रदर्शनी का अवलोकन एवं चर्चा।



पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम के दौरान रायसेन जिले के लाभार्थियों का सांकेतिक चैक वितरण




रायसेन जिले के लाभार्थी कृषक को मोबाईल पर प्राप्त पीएम किसान सम्मान राशि का संदेश।

# न्यूज पेपर कवरेज

राज एक्सप्रेस
मंगलवार, 25 फरवरी, 2025

जिले के 162675 किसानों के खाते में अंतरित की सम्मान निधि की 19वीं किस्त

# पीएम का अन्नदाताओं के प्रति सम्मान है किसान सम्मान निधि योजना: खटीक

## केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री के मुख्य आतिथ्य में रायसेन में किसान सम्मान समारोह संपन्न

● रायसेन / राज न्यूज नेटवर्क





स्थानीय वन परिसर में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में किसान सम्मान समारोह तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त राशि अंतरण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र बघेल, कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। भागलपुर बिहार में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का भी वन परिसर में लाईव प्रसारण देखा व सुना गया। केन्द्रीय मंत्री ने किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त राशि के सांकेतिक चेक भी प्रदान किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भागलपुर बिहार से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त के माध्यम से 9.8 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 22,000 करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि अंतरित की गई है। रायसेन जिले के 162675 किसान भाईयों के बैंक खाते में भी 32 करोड़ 53 लाख 50 हजार रुपए की राशि अंतरित की गई है। उन्होंने कहा कि आज से 6 वर्ष पहले 2019 में प्रधानमंत्री द्वारा किसानों की चिंता करते हुए योजना का शुभारंभ किया गया। यह योजना प्रधानमंत्री का देश के अन्नदाताओं, किसान भाईयों के प्रति सम्मान है। यह राशि किसान भाइयों की खेती से जुड़ी छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा करने में बड़ी मददगार होती है। केन्द्रीय मंत्रीने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मानधन योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से छोटे.छोटे किसान भाईयों को सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है।

इन योजनाओं का लाभ पाकर किसान भाई आर्थिक उन्नति और समृद्धि की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मिलेट मोटा अनाज, मिशन के माध्यम से कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा एवं रागी के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमारे देश में ही नहीं, विदेशों में भी मिलेट के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ी है। हमारे किसान भाईयों द्वारा उत्पादित मिलेट विदेशों में बिक रहा है। इसी प्रकार मध्यप्रदेश का शरबती गेहूं भी देश विदेश में प्रसिद्ध है। रायसेन, विदिशा, सीहोर सहित अन्य जिलों में उत्पादित होने वाला शरबती गेहूँ की देश के अन्य राज्यों में भी बहुत मांग है। उन्होंने कहा केन.बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के माध्यम से क्षेत्र के सभी किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि किसानों की आमदानी बढ़ाने उनके विकास और कल्याण के लिए हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार काम रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसान भाइयों को एक साल में 6 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है। प्रदेश सरकार द्वारा भी मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 6 हजार रु की राशि किसान भाईयों को प्रदान की जाती है। इस प्रकार एक साल में प्रदेश के किसान भाईयों को 12 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर, उप संचालक कृषि एसएलआर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### केन्द्रीय मंत्री ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम स्थल पर क1षि विभाग, उद्यानिकी विभाग तथा प्रगतिशील किसानो द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों तथा प्रगतिशील किसानों से अनाज की उन्नत किस्मों, योजनाओं के क्रियान्वयन आदि के बारे में जानकारी ली।

नर्मदापुरम/रायसेन/नरसिंहपुर भोपाल, मंगलवार 25 फरवरी 2025 राष्ट्रीय हिन्दी मेल

# प्रधानमंत्री का अन्नदाताओं के प्रति सम्मान है पीएम किसान सम्मान निधि योजनाः केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार

## जिले के 162675 किसानों के खाते में अंतरित की पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त की राशि



रायसेन। नगर के सागर-भोपाल तिराह पर स्थित वन परिसर में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में किसान सम्मान समारोह तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त राशि अंतरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र बघेल, कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा,एसपी पंकज पाण्डे तथा राकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम में केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भागलपुर बिहार से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त के माध्यम से 9.8 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 22,000 करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि अंतरित की गई है। रायसेन जिले के 162675 किसान भाईयों के बैंक खाते में भी 32 करोड़ 53 लाख 50 हजार रू की राशि अंतरित की गई है। उन्होंने कहा कि आज से 06 वर्ष पहले 2019 में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों की चिंता करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया गया। यह योजना प्रधानमंत्री का देश के अन्नदाताओंए किसान भाईयों के प्रति सम्मान है। योजना के तहत किसान भाईयों को हर वर्ष तीन समान किस्तों में 06 हजार रू की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाती है। यह राशि किसान भाईयों की खेती से जुड़ी छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा करने में बड़ी मददगार होती है।

किसानों को एक साल में मिल रहे 12 हजार रू कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने,उनके विकास और कल्याण के लिए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार काम रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और प्रदेश सरकार द्वारा भी मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत किसान भाईयों को एक साल में 12 हजार रू की राशि प्रदान की जाती है। जिसका उपयोग किसान भाई खाद, बीज सहित खेती के अन्य कार्यों के लिए करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने लगातार काम किए जा रहे हैं।

### केन्द्रीय मंत्री ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

कार्यक्रम में केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम स्थल पर कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग तथा प्रगतिशील किसान भाईयों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों तथा प्रगतिशील किसानों से अनाज की उन्नत किस्मों, योजनाओं के क्रियान्वयन आदि के बारे में जानकारी ली।

---

# प्रधानमंत्री का अन्नदाताओं के प्रति सम्मान हैं किसान सम्मान निधिः वीरेन्द्र कुमार

## प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जिले के 162675 किसानों के खाते में अंतरित की पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त की राशि





**आज का संविधान रायसेन।** वन परिसर में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में किसान सम्मान समारोह तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त राशि अंतरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी,जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा,जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र बघेल,कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा,पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे तथा राकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। भागलपुर बिहार में आयोजित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का भी वन परिसर में लाईव प्रसारण देखा व सुना गया। केन्द्रीय मंत्री ने किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त राशि के सांकेतिक चेक भी प्रदान किए। कार्यक्रम में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने उपस्थित किसान भाईयों तथा नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भागलपुर बिहार से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त के माध्यम से 9.8 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 22,000 करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि अंतरित की गई है। रायसेन जिले के 162675 किसान भाईयों के बैंक खाते में भी 32 करोड़ 53 लाख 50 हजार रू की राशि अंतरित की गई है। उन्होंने कहा कि आज से 06 वर्ष पहले 2019 में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों की चिंता करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया गया।

यह योजना प्रधानमंत्री का देश के अन्नदाताओं,किसान भाईयों के प्रति सम्मान है। योजना के तहत किसान भाईयों को हर वर्ष तीन समान किस्तों में 06 हजार रू की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाती है। यह राशि किसान भाईयों की खेती से जुड़ी छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा करने में बड़ी मददगार होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मिलेट (मोटा अनाज) मिशन के माध्यम से कोदो,कुटकी,ज्वार,बाजरा एवं रागी के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमारे देश में ही नहीं,विदेशों में भी मिलेट के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ी है। हमारे किसान भाईयों द्वारा उत्पादित मिलेट विदेशों में बिक रहा है। इसी प्रकार मध्यप्रदेश का शरबती गेहूँ भी देश-विदेश में प्रसिद्ध है। रायसेन,विदिशा, सीहोर सहित अन्य जिलों में उत्पादित होने वाला शरबती गेहूँ की देश के अन्य राज्यों में भी बहुत मांग है। उन्होंने कहा कि किसान भाईयों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिले,बिजली मिले,उन्नत खाद-बीज मिले,उन्हें नवीन कृषि तकनीकों की जानकारी हो इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के माध्यम से क्षेत्र के सभी किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के साथ ही महिलाओं, युवाओं, वृद्धजन सभी के लिए जनकल्याणकारी और हितग्राहीमूलक योजनाएं चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि किसानों की आमदानी बढ़ाने,उनके विकास और कल्याण के लिए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार काम रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसान भाईयों को एक साल में 06 हजार रू की राशि प्रदान की जाती है। प्रदेश सरकार द्वारा भी मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 06 हजार रू की राशि किसान भाईयों को प्रदान की जाती है। इस प्रकार एक साल में प्रदेश के किसान भाईयों को 12 हजार रू की राशि प्रदान की जाती है। जिसका उपयोग किसान भाई खाद,बीज सहित खेती के अन्य कार्यों के लिए करते हैं। पहले जहां प्रदेश में सात लाख हैक्टेयर क्षेत्र में ही सिंचाई होती थी,वहीं प्रदेश में लगभग 45 लाख हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया,अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार,डिप्टी कलेक्टर,मनीष शर्मा एसडीएम मुकेश कुमार सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक मनोज बाथम खाद्य विभाग के सहायक अधिकारी संदीप भार्गव जिला जनसंपर्क अधिकारी अनुभा सिंह उप संचालक कृषि एनपी.सुमन तहसीलदार हर्ष राजपूत कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वेज्ञानिक स्वप्निल दुवे पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे एसडीओपी पुलिस प्रतिभा शर्मा कोतवाली थाना प्रभारी संजय चौरसिया कार्यक्रम का संचालन कमलेश वहादुर के द्वारा किया गया।

अमर वाणी

वृक्ष अपने सिर पर गरमी सहता है पर अपनी छाया में दूसरों का ताप दूर करता है।
- तुलसीदास

भोपाल, सतना व रीवा से एक साथ प्रकाशित

सच्चाई भी, अच्छाई भी

# स्टार समाचार

facebook.com/starsamachar | twitter.com/starsamachar | www.starsamachar.com

वर्ष 12 अंक 132 भोपाल, मंगलवार, 25 फरवरी 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य ₹3.00



### किसान सम्मान समारोह हुआ संपन्न, पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त की राशि हुई जारी

# केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने लगातार किए जा रहे हैं काम : डॉ. प्रभुराम चौधरी

स्टार समाचार | रायसेन

जिला मुख्यालय रायसेन स्थित वन परिसर में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में किसान सम्मान समारोह तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त राशि अंतरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा,जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र बघेल,कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे,भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा,जमना सेंन,नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा, वीरेंद्र सिंह बघेल,जगदीश अहिरवार,अलीम भाई पार्ट्स भी उपस्थित रहे। भागलपुर बिहार में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का भी वन परिसर में लाईव प्रसारण देखा व सुना गया। केन्द्रीय मंत्री ने किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त राशि के सांकेतिक चेक भी प्रदान किए।

कार्यक्रम में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने उपस्थित किसान भाईयों तथा नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भागलपुर बिहार से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त के माध्यम से 9.8 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 22,000 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि अंतरित की गई है। रायसेन जिले के 162675 किसान भाईयों के बैंक खाते में भी 32 करोड़ 53 लाख 50 हजार रू की राशि अंतरित की गई है। उन्होंने कहा कि आज से 06 वर्ष पहले 2019 में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों की चिंता करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया गया। यह योजना प्रधानमंत्री का देश के अन्नदाताओं, किसान भाईयों के प्रति सम्मान है।योजना के तहत किसान भाईयों को हर वर्ष तीन समान किस्तों में 06 हजार रू की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाती है। यह राशि किसान भाईयों की खेती से जुड़ी छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा करने में बड़ी मददगार होती है।कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि किसानों की आमदानी बढ़ाने, उनके विकास और कल्याण के लिए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार काम रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसान भाईयों को एक साल में 06 हजार रू की राशि प्रदान की जाती है।प्रदेश सरकार द्वारा भी मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 06 हजार रू की राशि किसान भाईयों को प्रदान की जाती है। इस प्रकार एक साल में प्रदेश के किसान भाईयों को 12 हजार रू की राशि प्रदान की जाती है। जिसका उपयोग किसान भाई खाद, बीज सहित खेती के अन्य कार्यों के लिए करते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने लगातार काम किए जा रहे हैं। पहले जहां प्रदेश में सात लाख हैक्टेयर क्षेत्र में ही सिंचाई होती थी, वहीं आज प्रदेश में लगभग 45 लाख हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर, उप संचालक कृषि, एसएलआर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



### केन्द्रीय मंत्री ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम स्थल पर कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग तथा प्रगतिशील किसान भाईयों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों तथा प्रगतिशील किसानों से अनाज की उन्नत किस्मों, योजनाओं के क्रियान्वयन आदि के बारे में जानकारी ली।